# लोक शिक्षण संचालनालय
# गौतम नगर भोपाल मध्य प्रदेश –462023
## Email ID- ucrs.dpi@mp.gov.in


क./यू.सी.आर/सी/09/प्रा.शि. नियो./2024–26/1490 दिनांक 27.07.2026

**प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2026 के पात्र अभ्यर्थियों के लिए शाला विकल्प चयन सूचना**

///

कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन उपरांत प्रावधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही है। दिनांक 28.07.2026 से 30.07.2026 तक अभ्यर्थियों द्वारा शाला विकल्प चयन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थियों को आवंटित जिले की सभी शालाओं का चयन कर प्राथमिकता क्रम देना अनिवार्य होगा। शाला विकल्प चयन उपरांत एमपी ऑनलाईन का पोर्टल शुल्क भुगतान करने पर ही प्रकिया पूर्ण मानी जायेगी।

2. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त निर्धारित अवधि में उन्हे आवंटित जिले की सभी शालाओं का चयन कर प्रकिया पूर्ण करें। निर्धारित अवधि में शाला विकल्प का चयन नहीं करने वाले अभ्यर्थी को आवंटन प्रक्रिया के पश्चात शेष उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर शाला का आवंटन किया जायेगा। इस संबंध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं होगा।

3. जिन अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष सत्यापन के अधीन लिखा गया है. उनके दस्तावेज प्रमाणीकरण की आवश्यकता होने से प्रमाणीकरण/ सत्यापन प्राप्त होने पर संबंधितों की अभ्यर्थिता मान्य/अमान्य की जाएगी।

4. जिन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त की गई है, उनकी कारण सहित सूची पोर्टल trc.mponline.gov.in पर शीघ्र प्रदर्शित की जा रही है।

5. चयनित दिव्यांग अभ्यर्थियों का चयन प्रावधिक है,अभ्यर्थियों को दिव्यांगता परीक्षण हेतु पृथक से सूचित किया जायेगा। परीक्षण उपरांत निर्धारित दिव्यांगता श्रेणी में पात्र पाये जाने ही पर नियुक्ति आदेश जारी किये जायेगे।

6.एनआईओएस से डीएलएड उत्तीर्ण जिन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता होल्ड पर है, इनकी पूर्व सेवा से संबंधित अभिलेखो के परीक्षण उपरांत संबंधितों की अभ्यर्थिता मान्य/अमान्य की जाएगी।

7. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल trc.mponline.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(के.के.द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृष्ठां क./यू.सी.आर/सी/09/प्रा.शि. नियो./2024–26/1491 दिनांक 27.07.2026

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. आयुक्त जनसंपर्क मध्यप्रदेश भोपाल की ओर प्रचार –प्रसार हेतु प्रेषित। संचालक

संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश